हाथरस से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
'भव्य प्रभात'
विज्ञापन व समाचार के लिये सम्पर्क करें–
कार्यालय
7–ऊपरी मंजिल बागला डिग्री कालेज,हाथरस
9319426268,9410427880
Email:-bhavyaprabhat@gmail.com

हाथरस से प्रकाशित दैनिक

# भव्य प्रभात

खबर,सच्चाई के साथ

वर्ष 18, अंक 194 | 12 जुलाई 2025 शनिवार हाथरस | पृष्ठ 8 | मूल्य–2/–रूपये स्वागत मूल्य 1/–रूपये

# सावनः सीएम ने किया रुद्राभिषेक

## गोरखनाथ मंदिर में हवन–पूजन, प्रदेशवासियों के सुख–समृद्धि और कल्याण की प्रार्थना की

**सावन के पहले दिन सीएम योगी ने किया रुद्राभिषेक, सीएम योगी ने जनता दर्शन में सुनीं 200 लोगों की समस्याएं**



गोरखपुर,(एजेंसी)। रुद्राभिषेक के बाद सीएम योगी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन किया। विधि विधान से पूर्ण हुए रुद्राभिषेक अनुष्ठान के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की। सावन माह के पहले दिन मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार प्रातः काल रुद्राभिषेक व हवन किया। रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कर उन्होंने भगवान भोले शंकर से चराचर जगत के कल्याण और सभी नागरिकों के सुख–समृद्धि की प्रार्थना की। शुक्रवार प्रातः गोरखनाथ मंदिर के अपने आवास के प्रथम तल स्थित शक्तिपीठ में सीएम योगी ने भगवान भोलेनाथ को विल्व पत्र, दुर्वा, मदार पत्र, कमल पुष्प समेत अनेकानेक पूजन सामग्री अर्पित करने के बाद जल, दूध और ऋतुफल के रस से रुद्राभिषेक किया। मठ के विद्वत आचार्यगण एवं पुरोहितगण ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक संपन्न कराया। रुद्राभिषेक के बाद गोरक्षपीठाधीश्वर ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन किया। विधि विधान से पूर्ण हुए रुद्राभिषेक अनुष्ठान के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की। सीएम योगी ने जनता दर्शन में सुनीं 200 लोगों की समस्याएं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर में श्जनता दर्शनश किया। इस दौरान उन्होंने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और कहा कि परेशान मत हों, आपकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को संबंधित मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए। जनता दर्शन में एक महिला इलाज के लिए मुख्यमंत्री से गुहार लगाई तो मुख्यमंत्री ने कहा कि इलाज का इस्टीमेट मंगा लीजिए, सरकार भरपूर मदद करेगी। मुख्यमंत्री शुक्रवार सुबह जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर परिसर में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक पहुंचे और एक–एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर पीड़ा का निवारण सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता नहीं होनी चाहिए।

## भारी बारिश और सड़कों पर मलबा आने से प्रदेश में दो स्टेट हाईवे समेत 106 मार्ग बंद

देहरादून,(एजेंसी)। उत्तराखंड के कई जिलों में आज भी बारिश होगी। देहरादून, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिले के लिए बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान विभाग की ओर से इन जिलों में आज तीव्र से अति तीव्र दौर की बारिश की चेतावनी जारी की गई है। भारी बारिश और सड़कों पर मलबा आने से प्रदेश में दो स्टेट हाईवे समेत 106 मार्ग बंद हो गए हैं। इनमें



सबसे बुरा हाल ग्रामीण सड़कों का है। ग्रामीण सड़कों को खोलने की गति धीमी है। इससे क्षेत्रीय लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विधानसभा भवन से मात्र पांच किलोमीटर की दूरी पर मोथरोवाला–दूधली मार्ग मलबा आने से चार घंटे बंद रहा। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक प्रदेश में 179 सड़कें बंद हो गई थीं, इनमें से देर शाम तक 73 सड़कें खोल दी गईं। मोथरोवाला–दूधली मार्ग में रात बारिश के बाद मलबा आ गया। गड्ढों की वजह से लोग परेशान इससे मार्ग दौड़वाला के पास बंद रहा। सड़क किनारे पानी की निकासी की व्यवस्था न होने से सड़क में जगह–जगह गड्ढे और पानी जमा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक इससे हादसों का खतरा बना है।स्थानीय दीपक कुमार व मोहन सिंह बताते हैं कि डोईवाला विधानसभा क्षेत्र ने प्रदेश को दो मुख्यमंत्री दिए, इसके बाद भी विधानसभा क्षेत्र में सड़कों की स्थिति ठीक नहीं है। दूधली–मोथरोवाला मार्ग के साथ ही बालावाला, मियावाला में भी सड़क में बने गड्ढों की वजह से लोगों को खासी दिक्कत पेश आ रही है। स्थानीय लोग बताते हैं कि लच्छीवाला टोल टैक्स से बचने के लिए यात्री दूधली–मोथरोवाला मार्ग से होकर गुजरते हैं, लेकिन सड़क की स्थिति ठीक न होने से उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है।

## राहुल गांधी की संविधान बचाओ रैली, बोले...

# जल, जंगल, जमीन चुराना चाहती है भाजपा

**अब बिहार में चुनाव चोरी करने की हो रही साजिशः राहुल**




भुवनेश्वर,(एजेंसी)। भुवनेश्वर में कांग्रेस के संविधान बचाओ समावेश कार्यक्रम में राहुल गांधी ने बिहार में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हम चुनाव आयोग और भाजपा को बिहार चुनाव की चोरी नहीं करने देंगे। भुवनेश्वर में कांग्रेस के संविधान बचाओ समावेश कार्यक्रम में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाजपा पर बड़ा हमला बोला। बिहार में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा महाराष्ट्र की तरह अब बिहार में चुनाव को चोरी करने की साजिश कर रही है। लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा संविधान के साथ खिलवाड़ कर रही है। मैं कल बिहार में था। जिस तरह महाराष्ट्र में चुनाव की चोरी की गई, उसी तरह का प्रयास बिहार में किया जा रहा है। चुनाव की चोरी के लिए चुनाव आयोग ने एक नई साजिश रची है। चुनाव आयोग भाजपा की शाखा के रूप में काम कर रहा है, वह अपना काम नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच एक करोड़ नए मतदाता जोड़े गए। कोई नहीं जानता कि ये मतदाता कौन थे और वे कहां से आए थे? हमने चुनाव आयोग से कई बार कहा कि हमें मतदाता सूची और वीडियोग्राफी उपलब्ध कराएं। लेकिन चुनाव आयोग ने हमें यह उपलब्ध नहीं कराया। राहुल गांधी ने कहा कि बिहार में मैंने विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं से कहा कि हम चुनाव आयोग और भाजपा को बिहार चुनाव की चोरी नहीं करने देंगे। ओडिशा सरकार को लेकर राहुल गांधी ने कहा कि ओडिशा सरकार का एक ही काम है, राज्य के गरीब लोगों के हाथों से ओडिशा का धन चुराना। पहले बीजद सरकार ने यही किया और अब भाजपा सरकार यही कर रही है।

एक तरफ ओडिशा की गरीब जनता, दलित, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग, किसान और मजदूर हैं और दूसरी तरफ 5–6 अरबपति और भाजपा सरकार है। यह लड़ाई जारी है। केवल कांग्रेस कार्यकर्ता, ओडिशा की जनता के साथ मिलकर, इस लड़ाई को जीत सकते हैं, कोई और नहीं। राहुल गांधी ने कहा कि अदाणी ओडिशा सरकार चलाते हैं, अदाणी नरेंद्र मोदी को चलाते हैं। जब ओडिशा में जगन्नाथ यात्रा निकाली जाती है, जब जगन्नाथ यात्रा के रथ खींचे जाते हैं, तो लाखों लोग इसे देखते हैं और इसका अनुसरण करते हैं। फिर एक नाटक होता है – अदाणी और उनके परिवार के लिए रथ रोक दिए जाते हैं। इससे आपको ओडिशा सरकार के बारे में सब कुछ समझ में आ जाएगा। यह ओडिशा सरकार नहीं है, यह अडानी जैसे 5–6 अरबपतियों की सरकार है। इसका लक्ष्य आपकी जमीन, जंगल और भविष्य को चुराना है।

# लंदन से दिल्ली जा रही विमान की लखनऊ एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग

लखनऊ,(यूएनएस)। हाल ही में हुए विमान दुर्घटना के बाद से फ्लाइट में यात्रा करने वाले यात्रियों में डर का माहौल है। विमान में यात्रा करने से पहले लोग कई बार सोचते है कि यात्रा करें या न करें इसी बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। लंदन से दिल्ली जा रही वर्जिन अटलांटिक एयरलाइन की फ्लाइट में ईंधन घट जाने के चलते लखनऊ एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इस दौरान यात्रियों में हड़कंप मच गया। इस विमान में 300 यात्री सवार थे।वर्जिन अटलांटिक एयरलाइन की उड़ान संख्या वीएस 302 सुबह करीब साढ़े दस बजे लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट से रवाना होती है। दिल्ली पहुंचने से पहले विमान में ईंधन कम हो गया। ऐसे में पायलट ने तत्काल एयर ट्रैफिक कंट्रोलर एटीसी को सूचना दी और ईंधन की स्थिति स्पष्ट की। इसके बाद विमान की इमरजेंसी लैंडिंग रात एक बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर कराने की अनुमति दी गई। इधर लखनऊ एयरपोर्ट पर विमान की इमरजेंसी लैंडिंग की सूचना पर सुरक्षाबलों और एम्बुलेंस आदि को मुस्तैद कर दिया गया। विमान के पायलट ने सतर्कता दिखाते हुए सावधानी से विमान की लैंडिंग करवाई। विमान के सकुशल लैंड होने पर यात्रियों की जान में जान आई। उसके बाद फिर विमान को दिल्ली के रवाना हुई।लंदन से दिल्ली जा रही वर्जिन अटलांटिक एयरलाइन की फ्लाइट में ईंधन घट जाने के चलते लखनऊ एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। विमान में 300 यात्री सवार थे। मामला बीते बृहस्पतिवार का है। वर्जिन अटलांटिक एयरलाइन की उड़ान संख्या वीएस 302 सुबह करीब साढ़े दस बजे लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट से रवाना होती है। विमान दस घंटे से अधिक का सफर कर रात में दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचता है। गत दिवस विमान लंदन से तय समय पर रवाना हुआ लेकिन दिल्ली पहुंचने से पहले विमान में ईंधन कम हो गया। ऐसे में पायलट ने तत्काल एयर ट्रैफिक कंट्रोलर एटीसी को सूचना दी और ईंधन की स्थिति स्पष्ट की। इसके बाद विमान की इमरजेंसी लैंडिंग रात एक बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर कराने की अनुमति दी गई। इधर लखनऊ एयरपोर्ट पर विमान की इमरजेंसी लैंडिंग की सूचना पर सुरक्षाबलों और एम्बुलेंस आदि को मुस्तैद कर दिया गया। विमान के पायलट ने सतर्कता दिखाते हुए सावधानी से विमान की लैंडिंग करवाई। विमान के सकुशल लैंड होने पर यात्रियों की जान में जान आई। ईंधन भरा और लौट गया विमान लखनऊ एयरपोर्ट पर लैंडिंग के बाद विमान को टैक्सीवे पर ले गया गया। विमान में ईंधन भरा गया, जिसके बाद फ्लाइट वापस दिल्ली रवाना हो गई। इस दौरान यात्री विमान में ही बैठे रहे। मुंह को आ गई थी यात्रियों की जान विमान में सवार यात्रियों को जब दिल्ली की जगह लखनऊ में लैंडिंग की सूचना मिली तो वे घबरा गए। पूछने पर उन्हें बताया गया कि ईंधन कम होने से डायवर्ट किया जा रहा है।



### ईंधन भरा और लौट गया विमान

लखनऊ एयरपोर्ट पर लैंडिंग के बाद विमान को टैक्सीवे पर ले गया गया। विमान में ईंधन भरा गया, जिसके बाद फ्लाइट वापस दिल्ली रवाना हो गई। इस दौरान यात्री विमान में ही बैठे रहे।

### मुंह को आ गई थी यात्रियों की जान

विमान में सवार यात्रियों को जब दिल्ली की जगह लखनऊ में लैंडिंग की सूचना मिली तो वे घबरा गए। पूछने पर उन्हें बताया गया कि ईंधन कम होने से डायवर्ट किया जा रहा है। इससे यात्री घबरा गए। अहमदाबाद में हुए हादसे के बाद विमान यात्रियों में स्वाभाविक डर पैदा हो गया है लेकिन लखनऊ में लैंडिंग के बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली।

## दिव्यांगों के लिए नारायण सेवा संस्थान का दूसरा निःशुल्क कृत्रिम अंग माप शिविर कल

लखनऊ,(यूएनएस)। राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त उदयपुर स्थित नारायण सेवा संस्थान द्वारा उत्तर प्रदेश के दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण हेतु दूसरा नारायण कृत्रिम अंग माप शिविर रविवार, 13 जुलाई को लखनऊ के दयाल गेटवे होटल, किसान बाजार,विभूति खंड, गोमती नगर में प्रातः 8 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित किया जाएगा। संस्थान के मीडिया एवं जनसंपर्क निदेशक भगवान प्रसाद गौड़ ने प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी दी कि इस शिविर में ऐसे दिव्यांगजनों को लाभान्वित किया जाएगा जिन्होंने हादसे या बीमारी के कारण हाथ–पैर गंवाए हैं, या जिनके पुराने कृत्रिम अंग अब अनुपयुक्त हो गए हैं। उन्हें विशेषज्ञ डॉक्टर्स की टीम द्वारा उच्च गुणवत्ता वाले हल्के व टिकाऊ श्नारायण लिम्बश हेतु माप दिया जाएगा, जिसके आधार पर अगले शिविर में निःशुल्क फिटमेंट किया जाएगा। पिछले शिविर में 600 से अधिक दिव्यांग लाभान्वित हुए थे। इस बार का शिविर मेक ए चेंज फाउंडेशन यूके, गोल्डन जुबली और श्री स्वामीनारायण मंदिर विल्सडन यूके के सहयोग से आयोजित हो रहा है। शिविर प्रभारी हरिप्रसाद लड्ढा ने बताया कि शिविर में आने वाले सभी लाभार्थियों एवं परिजनों को निःशुल्क भोजन, चाय व अल्पाहार भी प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर रमेश शर्मा, बद्रीलाल शर्मा सहित अनेक पदाधिकारियों की उपस्थिति में शिविर का पोस्टर भी जारी किया गया। निदेशक भगवान गौड़ ने लखनऊ व आसपास के दिव्यांगजनों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में भाग लें। लाभ के लिए आधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र और दो पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाएं। शिविर संबंधी जानकारी के लिए संस्थान की हेल्पलाइन 70235–09999 पर संपर्क किया जा सकता है। नारायण सेवा संस्थान विगत 40 वर्षों से मानवता की सेवा में संलग्न है। संस्थापक पद्मश्री कैलाश मानव जी और अध्यक्ष प्रशान्त अग्रवाल के नेतृत्व में संस्थान अब तक 40,000 से अधिक कृत्रिम अंग फिट कर चुका है और लाखों दिव्यांगों को मुख्यधारा से जोड़ चुका है।

## दोपहर बाद फिर बारिश हुई,सुबह तेज हवा के साथ हुई बरसात

लखनऊ,(यूएनएस)। राजधानी लखनऊ में सावन के पहले दिन बारिश हो रही है। सुबह झमाझम बारिश शुरू हो गई, उसके बाद दोपहर बाद भी बरसात हुई। सुबह धूप नहीं निकली और काले बादल छाए थे। तेज हवाओं के साथ बरसात हुई। महज आधे घंटे की बारिश में नगर निगम इलाके की कई गलियां डूब घईं। किसी–किसी इलाके में बारिश के दौरान धूप भी निकली। इस सीजन में यही पहली बार है जब पूरे लखनऊ में एकसाथ बारिश हुई। मौसम विभाग ने लखनऊ और आसपास के इलाकों में बादलों की गरज–चमक के साथ 5 डड तक बारिश की संभावना जताई है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान 35 डिग्री और 27 डिग्री के आसपास रहने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने के साथ बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। दिन में 5 मिलीमीटर तक बरसात की संभावना है। अधिकतम तापमान 34.3 डिग्री रहा। यह सामान्य से 0.2 डिग्री अधिक रहा।

मालिक मुद्रक, प्रकाशक, आशीष सेंगर द्वारा विभा प्रिंटर्स मुन्शी गजाधर सिंह मार्ग,हाथरस से मुद्रित एवं प्रधान कार्यालय मुन्शी गजाधर सिंह मार्ग सरस्वती कुंज हाथरस से प्रकाशित।
RNI- UPHIN/2007/23475
सम्पादकः अंजली शर्मा
मो. 9410427880 09319426268
Email:-
bhavyaprabhat@gmail.com
समस्त समाचारों के चयन एवं उनसे उत्पन्न विवादों के लिये पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार।
समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र हाथरस होगा।

छपाई छपाई
बिल बुक,लेटर पैड,पम्पलेट
पोस्टर,शादी कार्ड,अखबार
आधुनिक कम्प्यूटराइज्ड मशीन द्वारा साफ सुन्दर एवं कलात्मक छपाई
विभा प्रिन्टर्स
मुंशी गजाधर सिंह मार्ग,अलीगढ़ रोड, हाथरस
मो० 9410427880 ,9319426268

# पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण कर ली सलामी, परेड का टर्नआउट चेक कर रिक्रूट आरक्षियों को दिए निर्देश

(भव्य प्रभात)

हाथरस। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में प्रातः शुक्रवार परेड का निरीक्षण कर सलामी ली गई । तत्पश्चात परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई। पुलिस अधीक्षक के आगमन पर परेड द्वारा उनको सलामी दी गई । तत्पश्चात द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान परेड में उपस्थित पुलिसकर्मियों की वर्दी को देखा गया तथा साफ–स्वच्छ वर्दी धारण करने हेतु सभी को निर्देशित किया गया, तत्पश्चात परेड करायी गयी । तत्पश्चात रिक्रूट आरक्षियोंध्महिला आरक्षियों से संवाद कर उन्हें प्रशिक्षण के विभिन्न पहलुओं, पुलिस बल में अनुशासन की भूमिका, कर्तव्यों की गंभीरता और जनसेवा की भावना पर



प्रकाश डाला । उन्होंने प्रशिक्षुओं का उत्साहवर्धन करते हुए प्रशिक्षण के हर क्षण को सीखने का अवसर मानने की सलाह दी। पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में रिक्रूट आरक्षियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे प्रशिक्षण के दौरान पूर्ण मनोयोग, अनुशासन एवं निष्ठा के साथ समर्पित रहें। प्रशिक्षण केवल शारीरिक दक्षता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानसिक दृढ़ता, नैतिक मूल्यों एवं जनसेवा की भावना का भी निर्माण करता है। यह भी बताया कि एक सशक्त, अनुशासित एवं जनोन्मुख पुलिस बल ही समाज में कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रभावी भूमिका निभा सकता है। परेड में उपस्थित ड्रोन कैमरा का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये । बैरक, मेस आदि का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौजूद मेस मैनेजर से प्रशिक्षुओं को उपलब्ध कराई जा रही डाइट की गुणवत्ता की जानकारी करते हुए रिक्रूट आरक्षियों को सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा कैंटिन, बैरक , नवनिर्मित पुलिस बैरक तथा रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण के दृष्टिगत रिजर्व पुलिस लाइन का निरीक्षण कर परिसर की समग्र व्यवस्था, बैरक व जेटीसी सेंटर आदि का जायजा लिया गया । इस दौरान क्षेत्राधिकारी कार्यालय राम प्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी नगर योगेन्द्र कृष्ण नारायण, प्रतिसार निरीक्षक राजकुमार सिंह एवं समस्त कार्यालयोंध पुलिस लाईन से आये हुए अधिकारीगण,र्मचारीगण व रिक्रूट आरक्षीगण मौजूद रहे ।

## गुरू पूर्णिमा पर प्रमुख समाजसेवी डश्व विकास शर्मा ने गुरुजनों की चरण वंदना कर लिया आशीर्वाद

(भव्य प्रभात)

हाथरस। शहर के वरिष्ठ समाजसेवी, फॉकस अल्ट्रासाउंड सेंटर के डायरेक्टर डॉ विकास कुमार शर्मा ने गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व पर आचार्य पार्वती वल्लभ जी , आचार्य राम वल्लभ जी , सीपूजी महाराज जी एवं दिनेश गुरु जी नवग्रह मंदिर पंहुच गुरु स्वरुपी आचार्यों का जय श्री राधे का पटका, पगड़ी, पुष्प माला एवं मिष्ठान फल आदि वस्तएं दान करने के साथ उनकी चरण वंदना कर आशीर्वाद लिया। डॉ विकास शर्मा ने गुरुओं के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने के साथ इस परंपरा को बखूबी निभाया। इस अवसर पर डॉ विकास शर्मा ने बताया कि इस दिन का महत्व हमारे जीवन में बेहद खास है। गुरु ही हमारे जीवन की नैया को पार लगाने वाले होते हैं वो हमें सही–गलत का फर्क समझाते हैं। जीवन की कठिनाइयों में हौसला देते हैं और अपने अनुभवों से हमें जिंदगी की असली समझ देते हैं। आज के समय में भी गुरु का महत्व उतना ही है जितना पुराने जमाने में था। उन्होंने कहा कि गुरु स्वयं प्रकाश की तरह होते हैं। वे साधक के लिए जीवन शक्ति के समान हैं। गुरु हमें अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जाते हैं। गुरु की उपस्थिति से अंदर सुरक्षा का भाव जागता है। गुरु को एक तत्व के रूप में समझना चाहिए। गुरु पूर्णिमा का दिन गुरुओं को समर्पित है। इस दिन गुरु का ध्यान करना और उनकी कृपा के लिए धन्यवाद देना चाहिए।

## आदर्श महिला एव बाल कल्याण संस्था की प्रदेश उपाध्यक्ष का जनपद में हुआ आगवन, महिला पदाधिकारियों ने किया जोरदार स्वागत

*महिलाओं के लिए संस्था के दरवाजे चौबीस घंटे खुले है आप कभी भी संपर्क कर सकती हो रू प्रदेश उपाध्यक्ष नेहा गुप्ता*

(भव्य प्रभात)

हाथरस। जनपद के कस्बा सादाबाद में आदर्श महिला एव बाल कल्याण संस्था की प्रदेश उपाध्यक्ष नेहा गुप्ता का आगवन संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा राणा के निर्देश पर हुआ। इस मौके पर संस्था की महिला पदाधिकारियों ने आदर्श महिला एव बाल कल्याण संस्था की प्रदेश उपाध्यक्ष नेहा गुप्ता का फूलमालाओं व दुपट्टा उड़ाकर जोशीला स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष नेहा गुप्ता ने महिला पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दौर में महिलाएं किसी से कम नहीं हैं। महिलाएं अपने हक को समझे। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी जी की सरकार में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि आदर्श महिला एव बाल कल्याण संस्था सादाबाद की एक अलग संस्था है जिसने महिलाओं के हित में कार्य करके अपनी अलग साख बनाई है में संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा राणा का आभार व्यक्त करती हूं। संस्था की अपने दिशा निर्देश पर ऐसे ही आप आगे बढ़ाए। इस अवसर पर संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा राणा सहित पूनम वर्मा, ऊषा देवी, ममता देवी, पूनम वर्मा, राखी देवी, कोमल देवी, श्यामो देवी, दिनेश बघेल, राखी सिंह, सौरभ, सहित अन्य महिलाएं मौजूद थी।



## तृतीय श्रेणी कर्मचारीगण को सी.आई.एस. एवं अबन्तू के सम्बन्ध में दिया प्रशिक्षण

(भव्य प्रभात)

हाथरस ।जे.टी.आर.आई. लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश, हाथरस, विनय कुमार के आदेशानुसार अपर जनपद न्यायाधीश, सचिव, नोडल अधिकारी, प्रशान्त कुमार के मार्गदर्शन में एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, अंजय सक्सैना व केन्द्रीय नाजिर अभय चौधरी की उपस्थिति में जनपद न्यायालय, हाथरस के समस्त कर्मचारियों के सतत सीखने हेतु वातावरण निर्मित किये जाने के उद्देश्य से वीडियो कॉन्फ्रेसिंग कक्ष, जनपद न्यायालय, हाथरस में सिस्टम ऑफिसर प्रमोद तिवारी एवं पूनम शर्मा द्वारा समस्त तृतीय श्रेणी कर्मचारीगण को सी.आई.एस. एवं अबन्तू के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिया गया।

## सादाबाद पुलिस ने दो अभियुक्तों को 55 क्वार्टर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया

(भव्य प्रभात)

हाथरस। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सादाबाद के निकट पर्यवेक्षण में थाना सादाबाद पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है । जिनके नाम बदन सिंह पुत्र नारायन सिंह निवासी नगला छत्ती भाग बिसाबर थाना सादाबाद, राजवीर सिंह पुत्र वीरी सिंह निवासी नाला की नगरिया थाना सादाबाद जनपद हाथरस है। जिनके कब्जे से 55 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद हुई है । अभियुक्तो की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सादाबाद पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिपूर्ण कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम के नाम थानाध्यक्ष योगेश कुमार मय टीम थाना सादाबाद जनपद हाथरस है।

## थाना सादाबाद पुलिस ने चार वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

(भव्य प्रभात)

हाथरस। बीती रात्रि को पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार वारंटी,वांछित,एनबीडब्लू,पुरूस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सादाबाद के निकट पर्यवेक्षण में थाना सादाबाद पुलिस द्वारा चार वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है

# 13 सितंबर को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

हाथरस । दीवानी न्यायालय हाथरस में दिनांक 13.09.2025 दिन शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। अपर जनपद न्यायाधीशध्सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकारण हाथरस प्रशान्त कुमार ने जानकारी दी है कि आपसी सुलह–समझौता के आधार पर लंबित मुकदमों का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में किया जायेगा। उन्होंने आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला स्तर पर प्रत्येक विभाग द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत ने सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं तथा लंबित मुकदमों से प्रभावित लोगों से इस सुनहरे मौके का लाभ उठाने की अपील की है।

मा0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के पत्र दिनांक 25.06.2025 के अनुसार, दिनांक 13.09.2025 दिन शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक मामले, धारा–138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, वसूली वाद आदि (लंबित एवं प्रि–लिटिगेशन मामले) संबंधित प्रकरणों के साथ–साथ सभी सुलह योग्य आपराधिक वादों, सिविल वादों, भूमि अधिग्रहण वादों, मोटर दुर्घटना प्रतिकर के वाद, पारिवारिक वादों, स्टाम्प वादों, उपभोक्ता फोरम वादों, राजस्व वादों, चकबंदी वादों, श्रम मामलों, नगर पालिका टैक्स वसूली मामलों, विद्युत अधिनियम के अन्तर्गत सुलह योग्य वाद, अन्तिम रिपोर्ट धारा 446 द0प्र0सं0 संबंधी मामले, पब्लिक प्रिविसेज एक्ट संबंधी मामले, उत्तराधिकार संबंधी मामले, आयुध अधिनियम के प्रकरण, बीमा संबंधी वाद, स्थानीय विधियों के अन्तर्गत शमनीय वाद, सेवा वेतन संबंधी वाद, सेवानिवृत्ति परिलाभों से संबंधित प्रकरण, किरायेदारी वाद, वन अधिनियम के अन्तर्गत आदि प्रकरणों का निस्तारण किया जायेगा। प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में पुलिस अधिनियम के अन्तर्गत चालान, मोटर यान अधिनियम के अन्तर्गत चालान, बॉट तथा माप अधिनियम के अन्तर्गत चालान, उ0प्र0 दुकान एवं वाणिज्य अधिनियम के अन्तर्गत चालान, आबकारी अधिनियम के संबंधी वाद, गैम्बलिंग एक्ट के अन्तर्गत चालान, नगर पालिका के अन्तर्गत चालान, मैड़ बंदी एवं दाखिल खारिज वाद, प्रिलिटिगेशन प्रकरण, मनरेगा प्रकरण, शिक्षा का अधिकार संबंधी प्रकरण, जलकर एवं गृहकर प्रकरण, आपदा राहत प्रकरण, कराधान प्रकरण, राशन कार्डध्जाति एवं आय प्रमाण पत्र संबंधी आदि प्रकरणों का निस्तारण किया जायेगा।

# किसानों को सिंचाई के लिए दें १० घंटे बिजली

**भाकियू चौधरी चरण सिंह के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी ने दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि. के प्रबंध निदेषक को सौंपा ज्ञापन**



(भव्य प्रभात)

सादाबाद। भारतीय किसान यूनियन चौधरी चरण सिंह के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी ने षुक्रवार को दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि. के प्रबंध निदेषक नीतीष कुमार को किसानों की विभिन्न विद्युत समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा और उनके समाधान की मांग की।

ज्ञापन में धर्मेंद्र चौधरी ने कहा कि किसानों को सिंचाई के लिए कम से कम दस घंटे बिजली की उपलब्धता सुनिष्चित कराई जाए। प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों में बच्चों के अध्यापन के समय बिजली की आपूर्ति सुनिष्चित कराई जाए ।किसानों को खेतों पर उजाले के लिए सिंगल फेस में विद्युत आपूर्ति दी जाए। किसानों के ट्यूबैल पर स्मार्ट मीटर न लगाए जाएं। किसानों के बकाया बिलों में पूर्ण ब्याज में छूट प्रदान कर गांवों में बिल जमा करने के लिए षिविर लगाए जाएं। प्रबंध निदेषक ने उक्त विद्युत समस्याओं के समाधान के लिए एटा, अलीगढ, मथुरा व आगरा के मुख्य अभियंताओं को निर्देषित किया है।

# मिढ़ावली में उत्तरी बाईपास का निर्माण कार्य पूरा, जल्द फर्राटा भरेंगे वाहन

**ग्राम पंचायत मिढ़ावली में ८० बीघा जमीन का हुआ था अधिग्रहण**



सादाबाद। सादाबाद ब्लाक की ग्राम पंचायत मिढ़ावली में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या दो को यमुना एक्सप्रेस वे से जोड़ने के लिए उत्तरी बाईपास निर्माण लगभग पूरा कर लिया गया है। जल्द ही इस उत्तरी बाईपास पर वाहन फर्राटे मारते नजर आएंगे।

– उत्तरी बाईपास के लिए मिढ़ावली में 80 बीघा जमीन का हुआ था अधिग्रहण

गौरतलब हो कि ग्राम पंचायत मिढ़ावली के गाटा संख्या 241, 271, 247, 230, 245, 243, 244, 237 और 279 की करीब 80 बीघा जमीन का अधिग्रहण उत्तरी बाईपास के निर्माण के लिए किया गया था। यह सभी खेत यमुना एक्सप्रेस वे सटे हैं। गांव मिढ़ावली व उसके मजरा गढ़ी हरिया के 20 से 25 किसानों की भूमि का अधिग्रहण किया गया था। उत्तरी बाईपास का निर्माण वर्ष 2023 में शुरू किया गया था।

## ३० किमी कम हो जाएगी आगरा और मथुरा से दिल्ली की दूरी

आगरा दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या दो को इस बाईपास के जरिए यमुना एक्सप्रेस वे जोड़ा गया है। इसके लिए मथुरा रिफाइनरी के पास रिंग रोड बनाया गया है। सादाबाद तहसील क्षेत्र के गांव मिढ़ावली के पास से यह उत्तरी बाईपास गुजरेगा। इसके बनने से आगरा और मथुरा से दिल्ली की दूरी करीब 30 किमी कम हो जाएगी। रिफाइनरी के पास के गांव से हाथरस जिले की सीमा में गांव मिढ़ावली से यह उत्तरी बाईपास गुजर रहा है।

## कई दिन तक मुआवजे के लिए चला था धरना प्रदर्शन

मिढ़ावली में उत्तरी बाईपास के निर्माण के लिए अधिग्रहित की जा रही जमीन के मुआवजे को लेकर पेच फंसा था। कई दिन तक मिढ़ावली में भाकियू भानु के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन चला था। तब किसानों का कहना था कि सर्किल रेट जब एक करोड़ 70 लाख रूपये प्रति हेक्टेयर है तो उन्हें सिर्फ 60 लाख रूपया प्रति हेक्टेयर के हिसाब से मुआवजा क्यों दिया जा रहा है। हालांकि धरना प्रदर्शन के बाद किसानों को जमीन का उचित भाव मिला था।

# सादाबाद विद्युत वितरण खंड में तीन नए अवर अभियंता की तैनाती

सादाबाद। दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि. हाथरस के अधीक्षण अभियंता द्वारा विद्युत वितरण खंड सादाबाद में तीन नए अवर अभियंताओं की तैनाती की गई है। क्षेत्र के वेदई स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र पर अतिरिक्त रूप से कार्यभार देख रहे अवर अभियंता प्रवीन कुमार के स्थान पर नवागत अवर अभियंता राजकुमार यादव, अवर 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र बिसावर पर जेई कमल सिंह के तबादले के बाद नवागत अवर अभियंता मनीश कुमार तथा 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र गुतहरा पर नवागत अवर अभियंता राजेंद्र यादव को कार्यभार आवंटित किया गया है।

# मंदाकिनी नदी में डूबा बिसावर का युवक, तलाश जारी

(भव्य प्रभात)

सादाबाद। गुरूपूर्णिमा पर चित्रकूट में गुरूद्वारा दर्षन करने के लिए गए बिसावर के एक श्रद्धालु की स्फटिक षिला के पास मंदाकिनी नदी में डूब गया। वहां नदी में अभी तक श्रद्धालु की खोज जारी है। जानकारी के मुताबिक बिसावर निवासी करीब 40 वर्शीय मनोज अपने गुरूदेव के दर्षन करने के लिए गुरूपूर्णिमा के दिन चित्रकूट स्थित गुरूद्वारा पहुंचा था। बताते हैं कि वह वहां पर स्फटिकषिला मंदाकिनी नदी में स्नान करने के लिए गया, इसी दौरान वह नदी में अचानक आए तेज बहाव की वजह से डूब गया। पुलिस व गोताखोर वहां पर लगातार उसे नदी में ढूंढने की कोषिष कर रहे हैं, लेकिन अभी तक उनका पता नहीं चल सका है। इधर, सूचना पर मनोज के परिजन भी चित्रकूट के लिए रवाना हो गए हैं।

## जर्जर पड़े भवन की दीवार ढही, हादसा होने से बचा

सादाबाद। लगातार हो रही बारिष की वजह से नगर में जीर्ण षीर्ण हालत में पहुंच चुके भवन हादसे का सबब बन रहे हैं। गुरूवार की देर षाम आगरा–हाथरस मार्ग पर प्राइवेट बस स्टेंड के निकट एक पुराने जर्जर खाली पड़े भवन की ऊपरी दीवार अचानक ढह गई। इससे मार्ग पर चल रहा एक साइकिल सवार बाल बाल बच गया। सूचना पर मौके पर एसडीएम संजय कुमार और नगर पंचायत लिपिक अनुपम गुप्ता भी पहुंच गए। नगर पंचायत द्वारा भवन मालिक को नोटिस जारी कर दिया गया है, जिसमें स्पश्ट किया गया है कि भवन का षेश हिस्सा भी गिरासू अवस्था में है, इसलिए उक्त भवन की मरम्मत करा लें, जिससे कि कोई जनहानि न हो। भवन मालिक द्वारा मौके से मलबे को हटवाया गया।

# मंस्या के मोहन ने श्रीलंका में फहराया भारत का झंडा, एथलेटिक्स में जीता कांस्य पदक

**श्रीलंका स्थित अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम महिंद्रा राजपक्षा दियागमा में हुई श्रीलंका मास्टर्स एथलेटिक्स चेंपियनशिप**




(भव्य प्रभात)

सादाबाद। श्रीलंका स्थित अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम महिंद्रा राजपक्षा दियागमा में पांच और छह जुलाई को हुई श्रीलंका मास्टर्स एथलेटिक्स चेंपियनषिप 2025 में सादाबाद के गांव मंस्या निवासी मोहन सिंह आर्य ने 65 प्लस उम्र के वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पद जीत लिया। मोहन सिंह ने बताया कि इस चेंपियनषिप में विभिन्न देशों के हजारों खिलाड़ियों ने भाग लिया था। उनके द्वारा भी इस चेंपियनषिप में प्रतिभाग किया गया और 1500 मीटर की दौड़ में रजत पदक तथा 3000 मीटर, 2000 मीटर व 800 मीटर की तीनों दौड़ो में कांस्य पदक जीतकर श्री लंका में अपने देश का झंडा फहराया और अपने देश का मान बढ़ाया है। मोहन सिंह ने बताया कि वह इसी तरह अपने देष का नाम रोषन करते रहेंगे।

# मीरपुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हुआ पौधरोपण



(भव्य प्रभात)

सादाबाद। गांव मीरपुर स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत षुक्रवार को पौधरोपण किया गया। षिक्षकों ने विद्यार्थियों के साथ विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। प्रभारी प्रधानाध्यापक हेंमत कुमार ने विद्यार्थियों को बताया कि पौधरोपण करने से चहुंओर हरियाली आती है। पेड़ पौधों से हम सभी को षुद्ध वायु प्राप्त होती है। वृक्ष पर्यावरण संतुलन को बनाए रखते हैं। हम सभी को समय समय पर पौधरोपण करते रहना चाहिए। मौके पर अमरीश अग्रवाल, चारुल गर्ग आदि षिक्षक भी मौजूद रहे।

## सादाबाद पुलिस ने गुम हुए बच्चे को दो घंटे में खोजा

सादाबाद। ऑपरेषन मुस्कान के अंतर्गत थाना सादाबाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सूचना प्राप्त होने के मात्र दो घंटे के अन्दर गुम हुए एक बच्चे को खोजकर सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

सीओ हिमांषु माथुर ने बताया कि थाना सादाबाद पर बच्चे की माता द्वारा सूचना दी थी कि 11 जुलाई को वह घर का काम कर रही थी तभी उनका तीन वर्ष का बच्चा बिना बताये घर से खेलते खेलते कहीं चला गया है। तलाष करने के बाद भी नहीं मिला है। थाना सादाबाद पुलिस द्वारा बच्चे की तलाश हेतु टीमें गठित कर उसके फोटो को लेकर आसपास के बाजार व मोहल्लों में जाकर लोगों से उसके बारे में पूछताछ की गई, जिसके फलस्वरूप मात्र दो घंटे के अन्दर गुमशुदा बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया गया।

## सादाबाद पुलिस ने चार वारंटी किए गिरतार

सादाबाद। पुलिस ने चार वारंटी जाहिद उर्फ जाविद पुत्र इशाक खॉक, मनोज पुत्र ओमप्रकाश, अफसर पुत्र मौहम्मद अली, विजय पुत्र बाबूलाल निवासीगण बढ़ार को गिरतार किया गया है। गिरतार अभियुक्तगणों के सम्बन्ध में थाना सादाबाद पुलिस द्वारा आवश्यक विधिपूर्ण कार्यवाही की जा रही है।

## सराफा कारोबारी की हार्ट अटैक से मौत

सादाबाद। सादाबाद के सराफा कारोबारी की हार्ट अटैक से मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक, नगर के रामलीला ग्राउंड निवासी 64 वर्शीय सराफा कारोबारी राजेष वर्मा पुत्र स्व. भगवती प्रसाद वर्मा की रविवार को अचानक तबियत खराब हो गई थी। परिजनों के मुताबिक, उनका लीवर डैमेज हो गया था। परिजन उन्हें उपचार के लिए रविवार को ही जयपुर ले गए थे। वहां उनका उपचार एक निजी अस्पताल में चल रहा था। उपचार के दौरान ही षुक्रवार की सुबह करीब चार बजे उनको अचानक हार्ट अटैक आ गया, जिससे उनकी मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया।

# बजरंग दल ने सावन माह में मांस-मदिरा की दुकानें बंद कराने को एसीपी को सौपा ज्ञापन



आगरा। पवित्र सावन मास का शुभारंभ हो चुका है, जिसको देखते हुए बजरंग दल की जिला रामबाग ईकाई ने टेढ़ी बगिया क्षेत्र के दो प्रमुख मार्गों पर सभी मांस व शराब की दुकान बंद करने और कांवड़ियों की सुरक्षा की मांग की। जिसके लिए कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार एसीपी छत्ता पीयूषकांत राय और थाना एत्माद्दौला प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन में बताया कि सावन मास में हजारों कांवडिएं कांवड़ लेकर सोरों कासगंज से आते है, जो टेढ़ी बगिया क्षेत्र से होकर गुजरते है। जिस पर उन्होंने मांग की कि कावड़ियों की आस्था के लिए टेढ़ी बगिया चौराहा–सौ पूटा रोड चौराहा और टेढ़ी बगिया चौराहा–घाट चौराहा के लगभग तीन किमी के क्षेत्र में आने वाली सभी मांस–मदिरा की दुकानें, बिरयानी की ठेलें और अनैतिक सामग्री की दुकानें बंद कराई जाए। साथ ही उन्होंने भाटिया पेट्रोल पंप से लेकर रामबाग चौराहा तक एक लेन कांवडियों के लिए फ्री रखने की मांग की। इस दौरान जिलाध्यक्ष रामेश्वर सिंह, विभाग सेवा प्रमुख श्याम किशोर, सह संयोजक योगी, जिला संयोजक अनिल, सह संयोजक नमित, सुरक्षा प्रमुख सूरज, गौरव, जय, अशोक, ललित, शैलू, अंकुश, विजय, लवलेश सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया पौधारोपण

आगरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर शुरू हुए एक पेड मां के नाम अभियान में स्थानीय नागरिकों के अलावा भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी पौधों का रोपण किया। भाजपा रावली मण्डल के काजीपाड़ा में मंडल अध्यक्ष विवेक सिंह लोधी, महामंत्री अर्जुन सिंह कोरी, सुनील माहौर, सत्यनारायण माहौर, सुनील माहौर, रिंकू शर्मा ने पौधों का रोपण किया। ।

## डॉ. एमपीएस में मनाया विश्व जनसंख्या दिवस

आगरा। डॉ. एमपीएस वर्ल्ड स्कूल के अतुल्य भारत सांस्कृतिक सभागार में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज को जनसंख्या वृद्धि से उत्पन्न होने वाली चुनौतियों के प्रति जागरूक करना था। विद्यार्थियों ने जनसंख्या नियंत्रण, संसाधनों के संतुलित उपयोग और सतत विकास जैसे विषयों पर प्रस्तुतियां दीं। पोस्टर मेकिंग, भाषण, समूह चर्चा, काव्य पाठ और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनसंख्या संबंधी मुद्दों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। लीडर एके सिंह ने अपने प्रेरक बन संबोधन में कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस केवल एक तिथि नहीं बल्कि एक चेतावनी है कि यदि हम आज नहीं जागे तो आने वाली पीढ़ियों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। जनसंख्या नियंत्रण कोई विकल्प नहीं, यह अब आवश्यकता बन चुकी है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या राखी जैन, डीन एडमिनिस्ट्रेशन चंद्रशेखर डेंग, समन्वयक योगी चाहर, डॉ नितिन जैन, आरजू शर्मा, श्रेया शर्मा, अंशु गोयल, उजमा आदिल, उत्सव अग्रवाल, नवनीत सिंह बघेल आदि उपस्थित रहे। मंच का संचालन तनीषा इसरानी और जाहिला तमुल ने किया।

### हेतुक दर्शित करने के लिए सूचना

न्यायालय श्रीमान् प्रधान न्यायाधीश महोदय परिवार न्यायालय हाथरस।

प्रकीर्ण संख्या/वाद संख्या 759 सन् 2022 ई० गौरव रावत पुत्र श्री मुरारी लाल रावत निवासी रहना तहसील सासनी जिला हाथरस।..याची

**बनाम**

श्रीमती शिवानी उपाध्याय पत्नी श्री गौरव रावत पुत्री नीरज उपाध्याय निवासी टर्रकपुर ,खन्दौली जिला आगरा।..विपक्षी

उक्त प्रार्थी वादी ने आपके विरुद्ध वाक्य Sec 09 Hm act का किया है।

अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के विरुद्ध हेतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 15/07/2025 को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा जिसे सम्यक रुप से अनुदेस दिया गया हो उपसंजात हो । यदि आप ऐसा करने में असमर्थ रहेंगे तो उक्त आवेदन का श्रवण और उसका निस्तारण एक पक्षीय रुप से किया जायेगा।

यदि आज दिनांक 31–05–25 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**न्यायाधीश**

## तीन लोक विधान उत्सव का समापन

आगरा। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, राजामंडी में आयोजित तीन लोक विधान उत्सव का शुक्रवार को सम्मान समारोह के साथ समापन किया गया। अंतिम दिवस प्रथम अभिषेक तरूण जैन और शांति धारा जैना जैन, समयक जैन ने किया। पं. अरुण शास्त्री ने उत्सव में इंद्र–इंद्राणी से मां जिनवाणी की विशेष पूजा कराई और विश्व शांति के महायज्ञ में 1008 आहुतियां दीं। अंतिम दिन कमेटी के सभी सदस्यों, भजन गायक महिलाओं और उत्सव के आयोजन में मुख्य भूमिका निभाने वाले अनिल जैन, निर्मल जैन, मीडिया प्रभारी निशांत जैन व राहुल जैन का सम्मान किया गया। इस अवसर पर दिलीप बडजात्या, ललित जैन, सुभाष चंद्र जैन, निर्मल जैन, ज्ञान कुमार जैन, दिलीप जैन, सुधीर जैन, त्रिलोक जैन, सुनील जैन, सम्यक जैन, रजनीश जैन, तरूण जैन, आदि उपथित रहे।

# हस्तकला प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक संध्या १३ जुलाई को

आगरा। माधवी अग्र महिला मंडल के द्वारा रविवार को भव्य हस्तकला प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक संध्या का आयोजन लोहामंडी स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में दोपहर एक बजे से रात्रि नौ बजे किया जाएगा। अध्यक्ष पुष्पा अग्रवाल ने बताया प्रदर्शनी का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों की रचनात्मक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और सनातन संस्कृति की झलक समाज के सामने प्रस्तुत करना है। सचिव उषा बंसल, कोषाध्यक्ष आभा जैन और संयोजक नमिता गोयल ने बताया प्रदर्शनी में फैंसी ड्रेस, नृत्य प्रस्तुति, चित्रकला प्रदर्शन, बेस्ट क्राफ्ट मटेरियल, सनातन धर्म से संबंधित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता होगी।

# गुरू पूर्णिमा पर प्रमुख समाजसेवी डॉ विकास शर्मा ने गुरुजनों की चरण वंदना कर लिया आशीर्वाद



(भव्य प्रभात)

हाथरस। शहर के वरिष्ठ समाजसेवी, फॉक्स अल्ट्रासाउंड सेंटर के डायरेक्टर डॉ विकास कुमार शर्मा ने गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व पर आचार्य पार्वती वल्लभ जी , आचार्य राम वल्लभ जी , सीपूजी महाराज जी एवं दिनेश गुरु जी नवग्रह मंदिर पंहुच गुरु स्वरुपी आचार्यो का जय श्री राधे का पटका, पगड़ी, पुष्प माला एवं मिष्ठान फल आदि वस्तएं दान करने के साथ उनकी चरण वंदना कर आशीर्वाद लिया। डॉ विकास शर्मा ने गुरुओं के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने के साथ इस परंपरा को बखूबी निभाया। इस अवसर पर डॉ विकास शर्मा ने बताया कि इस दिन का महत्व हमारे जीवन में बेहद खास है। गुरु ही हमारे जीवन की नैया को पार लगाने वाले होते हैं वो हमें सही–गलत का फर्क समझाते हैं। जीवन की कठिनाइयों में हौसला देते हैं और अपने अनुभवों से हमें जिंदगी की असली समझ देते हैं। आज के समय में भी गुरु का महत्व उतना ही है जितना पुराने जमाने में था। उन्होंने कहा कि गुरु स्वयं प्रकाश की तरह होते हैं। वे साधक के लिए जीवन शक्ति के समान हैं। गुरु हमें अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जाते हैं। गुरु की उपस्थिति से अंदर सुरक्षा का भाव जागता है। गुरु को एक तत्व के रूप में समझना चाहिए। गुरु पूर्णिमा का दिन गुरुओं को समर्पित है। इस दिन गुरु का ध्यान करना और उनकी कृपा के लिए धन्यवाद देना चाहिए।

### एडीएचआर की देखरेख और समाजसेवी सुनीत आर्य के नेतृत्व में

# एक साथ तीन अज्ञात शवो किया अंतिम संस्कार



(भव्य प्रभात)

हाथरस। तीन अज्ञात शवों को एडीएचआर की देखरेख और समाजसेवी सुनीत आर्य के नेतृत्व में दाहसंस्कार किया गया । दिनांक 6 जुलाई को हाथरस जंक्शन कोतवाली के अंतर्गत मैडू के निकट नहर में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पुलिस बहता हुआ मिला जो पूरी तरह से गल गया था और उसकी उम्र लगभग 40 वर्ष थी मृतक काले रंग की पैंट पहने हुए था।

दूसरा शव दिनांक 6 जुलाई को मुरसान कोतवाली के अंतर्गत करबन नदी में एक महिला का शव बरामद हुआ शव को जानवर भी खा गए थे मृतक महिला की उम्र लगभग 25 वर्ष थी

तीसरा शव दिनांक 5 जुलाई को थाना हसायन के अंतर्गत रति के नगला के निकट रेल लाइन पर एक कटा हुआ शव पुलिस को मिला मृतक की उम्र लगभग 35 वर्ष थी मृतक पीले रंग की शर्ट पहने हुए था

पुलिस द्वारा तीनों शवों को शिनाख्त के लिए 72 घंटे रखा शवों की शिनाख्त न होने के कारण तीनों शवो को थाना पुलिस द्वारा लावारिस घोषित कर पोस्टमार्टम कराया गया उसके उपरांत पुलिस द्वारा समाजसेवी सुनीत आर्य व प्रवीन वार्षणेय से शव के अंतिम संस्कार के लिए अनुरोध किया गया समाजसेवियों द्वारा उपरोक्त तीनों शवों का हिंदू रीति रिवाज दाहसंस्कार किया।

अंतिम संस्कार में प्रवीन वार्षणेय राष्ट्रीय महासचिव एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक ह्यूमन राइट्स समाजसेवी सुनीत आर्या,एनएसएस अध्यक्ष सुनील अग्रवाल,आयोग दीपक ,बंटी भाई कपड़े वाले,साथ में तरुण राघव,रोमी ठाकुर,नीरज गोयल, कनज सारस्वत,दीपांशु वार्षणेय, सत्येंद्र मोहन राही, गौरव अग्रवाल,सीए प्रतीक अग्रवाल, अंकित कुमार, विशाल सोनी, कांस्टेबल 548 हरेंद्र सिंह,होमगार्ड 513 जयप्रकाश, कांस्टेबल 364 बिट्टू यादव, पीआरडी रीना कुमारी,कांस्टेबल 470 असलम,होमगार्ड सुनहरी लाल आदि मौजूद रहे।

# जो रूट शतक से एक रन दूर

## इंग्लैंड के चार विकेट पर 251 रन, भारत करना चाहेगा ऑलआउट

लंदन। नमस्कार! अमर उजाला के लाइव ब्लॉग में आपका स्वागत है। भारत और इंग्लैंड के बीच जारी लॉर्ड्स टेस्ट (तीसरा मुकाबला) का दूसरा दिन है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया और फिलहाल उनकी पहली पारी जारी है। गुरुवार का खेल समाप्त होने तक मेजबान टीम ने चार विकेट पर 251 रन बनाए थे। भारत की नजर इंग्लैंड को ऑलआउट करने पर होगी। प्दक अे म्दह स्पअम बवतमरू नीतीश ने दो विकेट झटके रूट और पोप ने दूसरे सत्र में भारतीय गेंदबाजों को काफी परेशान किया जिससे दूसरे सत्र में भारत एक भी विकेट नहीं ले सका। रवींद्र जडेजा ने तीसरे सत्र की शुरुआत में ही भारत को तीसरी सफलता दिलाई। जडेजा ने विकेट के पीछे जुरेल के हाथों कैच कराकर ओली पोप को आउट किया। पोप और रूट के बीच 109 रनों की साझेदारी हुई। पोप अर्धशतक लगाने के करीब थे, लेकिन 44 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद बुमराह ने हैरी ब्रूक को बोल्ड कर इंग्लैंड को चौथा झटका दिया जो 11 रन बनाकर आउट हुए। भारत के लिए अब तक नीतीश ने दो विकेट लिए, जबकि बुमराह और जडेजा को एक–एक सफलता मिली है। प्दक अे म्दह स्पअम बवतमरू रूट ने पोप के साथ निभाई शतकीय साझेदारी पहले गेंदबाजी का न्योता मिलने के बाद नीतीश कुमार रेड्डी ने इंग्लैंड को शुरुआती झटके दिए और दोनों ओपनरों को जल्द पवेलियन भेजा। इंग्लैंड को 43 रन के




स्कोर पर पहला झटका लगा। नीतीश ने बेन डकेट को अपना शिकार बनाया और वह 40 गेंदों में 23 रन बना पाए। नीतीश ने फिर जैक क्राउली को भी अपना शिकार बनाया। उन्होंने सलामी बल्लेबाज को ऋषभ पंत के हाथों कैच कराया। वह 43 गेंदों में 18 रन बनाकर पवेलियन लौटे। दो झटके लगने के बाद जो रूट ने ओली पोप के साथ मिलकर पारी संभाली और पहले सत्र में भारत को अन्य सफलता हासिल नहीं करने दी। इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट भारत के खिलाफ लॉर्ड्स में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन क्रीज पर टिक रहे। रूट अपने टेस्ट करियर का 37वां शतक लगाने से एक रन दूर हैं। इंग्लैंड ने रूट की शानदार बल्लेबाजी की मदद से दिन के खेल की समाप्ति तक पहली पारी में चार विकेट पर 251 रन बनाए हैं। स्टंप्स के समय रूट 191 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से 99 रन और कप्तान बेन स्टोक्स 39 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। दोनों बल्लेबाजों के बीच अब तक 79 रनों की साझेदारी हो चुकी है।

## फीफा रैंकिंग में भारत 133वें स्थान पर, नौ साल में सबसे खराब रैंकिंग

भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम जून में मिली दो हार से गुरुवार को जारी फीफा रैंकिंग में छह पायदान की गिरावट से 133वें स्थान पर खिसक गई। भारत चार जून को एक अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में थाईलैंड (0–2) से हार गया और फिर एशियाई कप क्वालीफाइंग दौर के मैच में उसे निचली रैंकिंग वाली हांगकांग (0–1) से भी पराजय झेलनी पड़ी। इसके बाद मुख्य कोच मनोलो मारकेज ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) से नाता तोड़ लिया। इससे पहले पिछली बार भारतीय टीम की सबसे खराब रैंकिंग दिसंबर 2016 में थी जब वह 135वें स्थान पर थी। भारत की अब तक की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग फरवरी 1996 में 94 थी। भारतीय टीम के अभी 1113.22 रेटिंग अंक हैं जबकि पहले उसके 1132.03 अंक थे। वह 46 एशियाई देशों में 24वें स्थान पर है जिसमें जापान (17वीं रैंकिंग) सबसे आगे है। भारतीय पुरुष टीम के लिए कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है। हांगकांग के खिलाफ हार ने टीम की 2027 एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने की मुहिम को मुश्किल में डाल दिया है। मारकेज के मार्गदर्शन में टीम ने अपने पिछले आठ में से सिर्फ एक मैच में जीत दर्ज की और उसे यह जीत मार्च में मालदीव के खिलाफ मिली थी। इस सल भारत ने अभी तक चार मैच खेले हैं जिसमें से उसे एक में जीत मिली है जबकि दो मुकाबलों में उसे हार का सामना करना पड़ा जबकि एक मैच ड्रॉ रहा। इन खराब नतीजों के कारण पूर्व कप्तान और स्टार स्ट्राइकर सुनील छेत्री की टीम में संन्यास से वापसी हुई लेकिन इससे टीम की स्थिति में कोई खास सुधार नहीं हुआ। भारत का अगला अंतरराष्ट्रीय मैच अक्टूबर में सिंगापुर के खिलाफ है जो एशियाई कप क्वालीफायर के तीसरे दौर का मुकाबला है। विश्व चैंपियन अर्जेंटीना 210 देशों की सूची में सबसे आगे है। इसके बाद शीर्ष 10 में स्पेन, फ्रांस, इंग्लैंड, ब्राजील, पुर्तगाल, नीदरलैंड, बेल्जियम, जर्मनी और क्रोएशिया शामिल हैं।

## इस खिलाड़ी ने 34 साल की उम्र में लिया इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास, खेल चुके हैं 85 अंतर्राष्ट्रीय मैच


आयरलैंड क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज पीटर मूर ने 34 साल की उम्र में ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। उन्होंने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर में तीनों फॉर्मेट में मिलाकर कुल 85 मैच खेले। बता दें कि, आयरलैंड के इस बड़े खिलाड़ी ने इस टीम के लिए अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू नहीं किया था। उन्होंने आयरलैंड के लिए सिर्फ टेस्ट फॉर्मेट ही खेला। वहीं, आयरलंड के पीटर मूर ने अपना आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच उसी देश के खिलाफ खेला, जिसके लिए उन्होंने डेब्यू किया था। जी हां इस बल्लेबाज ने दो देशों के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेला। 2 फरवरी 1991 को मूर का जन्म जिम्बाब्वे की राजधानी हरारे में हुआ था। पीटर मूर ने अपना अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू 26 नवंबर, 2014 को जिम्बाब्वे के लिए खेलते हुए बांग्लादेश के खिलाफ खेला था। इसके बाद उन्होंने जिम्बाब्वे के लिए ही 2016 में टेस्ट और टी20 में डेब्यू किया। 2019 में उन्हें जिम्बाब्वे का उपकप्तान भी नियुक्त किया गया, लेकिन इसके बाद उनके करियर में एक नया मोड़ आया। पीटर मूर ने आयरिश पासपोर्ट मिलने के बाद आयरलैंड क्रिकेट टीम में जगह बना ली। उन्होंने ढाका में साल 2023 में 32 साल की उम्र में आयरलैंड के लिए अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू किया।

## हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष गिरफ्तार

तेलंगाना सीआईडी ने दावा किया है कि क्रिकेट बॉल, एयर कंडीशनर, खेल परिधान और प्लंबिंग के आरोप हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष ए जगन मोहन राव पर लगे हैं। ए जगन मोहन राव ने एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष सीजे श्रीनिवास राव और इसके मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनील कांते के साथ मिलीभगत करके कथित तौर पर धन का दुरुपयोग किया। तेलंगाना अपराध जांच विभाग के अधिकारियों के अनुसार, कथित हेराफेरी कम से कम 2.32 करोड़ रुपये की थी। मामले में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार कथित हेराफेरी 6 मामलों में हुई, जिसमें खानपान सेवाओं का आवंटन और विद्युत सामग्री की खरीद शामिल है। सीआईडी का मामला 9 जून 2025 को तेलंगाना क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव डी गुरुवा रेड्डी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत पर आधारित है।

## सावन की पहली सुबह एक झटके में 2366 रुपए उछली चांदी, सोने का भाव बी 1 लाख पार

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कनाडा पर लगाए गए नवीनतम टैरिफ और लाल सागर में बढ़ते भू–राजनीतिक तनाव के बीच 11 जुलाई 2025 को कीमती धातुओं सोने और चांदी की कीमतों में तेजी जारी रही। मजबूत हाजिर मांग के बीच सटोरियों के ताजा सौदों से वायदा कारोबार में सोने का भाव शुक्रवार को 540 रुपये तेजी के साथ 97,231 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में अगस्त में आपूर्ति वाले सोने की कीमत 540 रुपये यानी 0.56 प्रतिशत की तेजी के साथ 97,231 प्रति 10 ग्राम हो गयी। इसमें 12,125 लॉट के लिए कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने बताया कि प्रतिभागियों के ताजा सौदे करने से सोने के कीमतों में तेजी आई है। वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में सोना का वायदा भाव 0.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,334 डॉलर प्रति औंस रहा। एमसीएक्स पर चांदी की कीमत इसी तरह, 5 सितंबर, 2025



को परिपक्व होने वाले चांदी वायदा ने भी सत्र की शुरुआत बढ़त के साथ की। एमसीएक्स पर यह अनुबंध 210 रुपये की बढ़त के साथ 1,09,333 रुपये प्रति किलोग्राम पर खुला, जबकि पिछला बंद भाव 1,09,123 रुपये था। यह आगे बढ़कर 1,11,552 रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गया। पिछली बार यह 1,11,552 रुपये पर कारोबार कर रहा था – जो पिछले बंद भाव से 2,219 रुपये या 2.02 प्रतिशत की बढ़त है। पिछली बार यह 1,11,325 रुपये पर कारोबार कर रहा था। पिछले कारोबारी सत्र में यह 98,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस बीच, चांदी की कीमतें 1,04,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहीं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि सुरक्षित निवेश वाली संपत्तियों की नई मांग के चलते बृहस्पतिवार को सोने में तेजी दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार नीतियों और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर उनके संभावित प्रभाव को लेकर जारी अनिश्चितताओं ने सोने की कीमतों को सहारा दिया।

## प्रो कबड्डी लीग का 12वां सीजन इस दिन से होगा आगाज

प्रो कबड्डी लीग का 12वां सीजन 29 अगस्त से शुरू होने जा रहा है। इसकी घोषणा आयोजक मशाल स्पोर्ट्स की ओर से बुधवार को की गई है। हरियाणा स्टीलर्स ने पिछले सीजन का खिताब जीता था। ऐसे में हरियाणा स्टीलर्स अपने पहले खिताब का बचाव करने के इरादे से लीग में उतरेगी। सीजन 12 के शुभारंभ पर टिप्पणी करते हुए प्रो कबड्डी के मशाल बिजनेस हेड और लीग कमिश्नर अनुपम गोस्वामी ने कहा कि, पीकेएल सीजन 12 की शुरुआत की तारीख का खुलासा करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। रिकॉर्ड तोड़ खिलाड़ियों की नीलामी के बाद, जिसमें 10 खिलाड़ियों ने 1 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया, हमने एक ऐसी नींव रखी है जो अब तक के हमारे सबसे प्रतिस्पर्धी सीजन का वादा करती है। हम फैंस के लिए कबड्डी एक्शन का एक और रोमांचक अध्याय लाने के लिए उत्सुक हैं। बहुप्रतीक्षित प्रो कबड्डी लीग सीजन 12 के खिलाड़ियों की नीलामी 31 मई और 1 जून को मुंबई में हुई थी। इस प्रो कबड्डी लीग के ऑक्शन में जहां रिकॉर्ड तोड़ 10 खिलाड़ियों ने 1 करोड़ रुपये से ज्यादा के अनुबंध हासिल किए थे।

भव्य प्रभात

# सुप्रीम कोर्ट से उम्मीद

भारत में मुख्यधारा का मीडिया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सलाह मानते हुए अब सकारात्मक रवैया अपनाने लगा है, खासकर तब, जबकि इसमें किसी भी तरह भाजपा का हित जुड़ा हो। प्रधानमंत्री बनने से पहले दिल्ली में कॉलेज छात्रों को दिए एक भाषण में अपनी सकारात्मक सोच का उदाहरण देते हुए श्री मोदी ने कहा था कि वे गिलास आधा खाली है या आधा भरा है, इस सवाल पर कहते हैं कि गिलास पूरा भरा है, जो खाली दिख रहा है, वहां हवा भरी है। तो बस तब से देश में ऐसे ही हवा–हवाई माहौल चल रहा है। कुछ रहे न रहे, बस सब चंगा सी की उम्मीद पर देश को चलाया जा रहा है। मीडिया भी तथ्यों को न देखकर हवा–हवाई बातों को बढ़ा रहा है। जैसे गुरुवार को मीडिया ने इस बात को जोर–शोर से चलाया कि चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। चुनाव आयोग की बिहार में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण की कवायद पर शीर्ष अदालत ने कोई रोक नहीं लगाई है। लेकिन ये हवा से आधे भरे गिलास का उदाहरण है। असल बात ये है कि शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग से साफ तौर पर कहा है कि वह जिन 11 दस्तावेज की मांग मतदाताओं से कर रहा है, उसमें आधार कार्ड को भी शामिल किया जाए। अदालत ने चुनाव आयोग से यह भी कहा है कि आप नागरिकता के मुद्दे पर क्यों जा रहे हैं, यह गृहमंत्रालय का विषय है। कुल मिलाकर सुप्रीम कोर्ट ने तथ्यों और तर्कों के आधार पर ही सुनवाई होने दी और उसकी अहम टिप्पणियां भी इन्हीं के आधार पर थीं। सुप्रीम कोर्ट न पूरी तरह चुनाव आयोग के पक्ष में दिखा, न उसने याचिकाकर्ताओं की तरफ कोई पक्षपात दिखाया, बल्कि उसकी तटस्थता साफ नजर आई, फिर भी मीडिया में चलाए जा रहे शीर्षक यह भ्रम पैदा कर रहे हैं कि बिहार में जिस मुद्दे को लेकर 9 जुलाई को विपक्ष ने इतना बड़ा हल्ला बोल किया, उस मुद्दे पर विपक्ष को अदालत में झटका मिला है। जबकि ऐसा नहीं है। गौरतलब है कि बिहार में चुनाव से ठीक पहले चुनाव आयोग ने मतदाता सूची के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) की कवायद शुरु की और इसके लिए केवल एक महीने का ही वक्त मतदाताओं को दिया कि वे अपने नागरिक होने का प्रमाण खुद ही पेश करें। आयोग ने 11 दस्तावेज की सूची जारी की और कहा कि इनमें से किसी को पेश करने पर ही किसी का नाम मतदाता सूची में आएगा, अन्यथा काट दिया जाएगा। आसान शब्दों में कहें तो चुनाव आयोग ने बिहार के मतदाताओं से खुद के नागरिक होने का सबूत मांगा, जबकि इसमें आध ाार कार्ड, राशन कार्ड और मनरेगा कार्ड को मान्यता नहीं दी, जबकि करोड़ों गरीबों के पास यही सबसे सुलभ पहचानपत्र होते हैं और इन्हें भी सरकार ही जारी करती है। इस फैसले को लोकतांत्रिक अधिकार पर सीधा हमला करते हुए चुनाव आयोग के समक्ष विपक्ष ने अपना विरोध दर्ज कराया था, फिर भी कोई समाधान नहीं निकला तो विपक्ष ने 9 जुलाई को बिहार बंद करवाया और इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे भी खटखटाए। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स के अलावा राजद सांसद मनोज झा, तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा, कांग्रेस के के. सी. वेणुगोपाल, राकांपा (शरद पवार गुट) की सुप्रिया सुले, भाकपा के डी. राजा, सपा के हरिंदर सिंह मलिक, शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के अरविंद सावंत, झामुमो के सरफराज अहमद, और भाकपा (माले) के दीपंकर भट्टाचार्य, इन सभी ने शीर्ष अदालत से चुनाव आयोग के आदेश को रद्द करने की मांग की है। याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकर नारायणन ने कहा कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया जा सकता है, लेकिन इस विशेष गहन पुनरीक्षण में कई समस्याएं हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया लगभग 7.9 करोड़ नागरिकों को कवर करेगी, और इसमें वोटर आईडी और आधार कार्ड जैसे दस्तावेज को भी स्वीकार नहीं किया जा रहा है। याचिकाकेर्ताओं ने कहा कि वोटर लिस्ट का रिवीजन मतदाताओं पर अपनी नागरिकता साबित करने का दबाव डालता है जबकि यह काम चुनाव आयोग का है। उन्होंने कहा कि अब जब चुनाव बिल्कुल नजदीक हैं और चुनाव आयोग कह रहा है कि वह 30 दिनों में पूरी मतदाता सूची का रिवीजन करेगा। इस मामले में गुरुवार को पहली सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने मामले में सुनवाई की। बेंच ने चुनाव आयोग से पूछा कि आधार कार्ड को स्वीकार क्यों नहीं किया गया। जिस पर चुनाव आयोग की ओर से पेश सीनियर वकील राकेश द्विवेदी ने जवाब दिया कि आधार कार्ड को नागरिकता का प्रमाण नहीं माना जा सकता। तब जस्टिस धूलिया ने कहा, श्लेकिन नागरिकता का निध ाारण चुनाव आयोग का नहीं, बल्कि गृह मंत्रालय का कार्यक्षेत्र है। इस पर चुनाव आयोग की ओर से जवाब दिया गया। कि आयोग को अनुच्छेद 326 के तहत अधिकार प्राप्त हैं। वहीं जस्टिस बागची ने अपनी टिप्पणी में कहा कि अगर आपका निर्णय यह है कि 2025 की मतदाता सूची में पहले से दर्ज व्यक्ति को भी मताधिकार से वंचित किया जाए, तो उस व्यक्ति को अपील करनी होगी, पूरी प्रक्रिया से गुजरना होगा और अंततरू आगामी चुनाव में मतदान का अधिकार छिन जाएगा। आप मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए गहन जांच कर सकते हैं ताकि गैर–नागरिक सूची में न रहें इसमें कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन अगर आप यह कार्य प्रस्तावित चुनाव से कुछ ही महीने पहले शुरू करते हैं, तो यह गंभीर चिंता का विषय है। शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग की इस प्रक्रिया को रद्द करने का आदेश तो नहीं दिया, लेकिन आयोग को तीन दस्तावेज आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड स्वीकार करने का सुझाव दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि याचिकाओं में लोकतंत्र से जुड़ा अहम सवाल उठाया गया है, जो मतदान के अधिकार से जुड़ा है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के वकील से पूछा कि उसने बिहार में वोटर लिस्ट के रिवीजन के काम को इतनी देर में क्यों शुरू किया?

# झूठे बलात्कार मामलों का बढ़ता चलन: निर्दोषों पर कहर और न्याय प्रणाली पर संकट

**रत्नेश्वर कुमार झा**

भारत में बलात्कार जैसे अपराध को लेकर सख्त कानून बनाए गए ताकि महिलाओं को न्याय और सुरक्षा मिल सके। इन कानूनों का उद्देश्य था कि पीड़िताओं को बिना किसी डर के आगे आकर न्याय मिल सके और दोषियों को कठोर सजा दी जा सके। परंतु हाल के वर्षों में एक गंभीर समस्या उभरकर सामने आई है कृ झूठे बलात्कार के मामलों का बढ़ता चलन। यह प्रवृत्ति न केवल निर्दोष लोगों की जिंदगियों को तबाह कर रही है बल्कि पूरे न्याय तंत्र और समाज की नैतिकता पर भी गंभीर सवाल खड़े कर रही है। सुप्रीम कोर्ट से लेकर जिला अदालतों तक ने बार–बार अपनी टिप्पणियों में इस पर चिंता व्यक्त की है और इसे कानून का घोर दुरुपयोग माना है। बलात्कार का आरोप अपने आप में इतना गंभीर और संवेदनशील होता है कि समाज, मीडिया और यहां तक कि परिवार के लोग भी आरोपी को तुरंत दोषी मान लेते हैं। कई बार इस तरह के आरोपों के चलते आरोपी की नौकरी चली जाती है, उसका सामाजिक सम्मान समाप्त हो जाता है, रिश्तेदार और मित्र उससे दूरी बना लेते हैं और मानसिक तनाव इतना बढ़ जाता है कि वह अवसाद में चला जाता है या आत्महत्या जैसा कदम उठा लेता है। सुप्रीम कोर्ट ने सुब्रतो दास बनाम स्टेट ऑफ झारखंड (Criminal Appeal No-1925/2014) में स्पष्ट कहा था, ष्झूठे आरोप केवल कानून का दुरुपयोग नहीं हैं, बल्कि निर्दोष लोगों की जिंदगी बर्बाद कर देते हैं। ऐसे मामलों में शिकायतकर्ता पर भी कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।ष दिल्ली हाई कोर्ट ने SHAFEEQ AHMAD & ORS बनाम State of NCT of Delhi (FIR संख्या 92ध्2024) में कहा, ष्झूठी शिकायतें न्याय प्रणाली को भारी बोझ देती हैं और असली पीड़िताओं को भी नुकसान पहुंचाती हैं।ष इन टिप्पणियों में अदालतों की पीड़ा और चिंता साफ झलकती है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (NCRB) के आंकड़े बताते हैं कि हर साल हजारों बलात्कार के मामले दर्ज होते हैं। इन मामलों में सभी शिकायतें सच नहीं होतीं। दिल्ली में दर्ज मामलों का एक अध्ययन बताता है कि लगभग 25: मामलों में आरोपी सबूतों के अभाव में बरी हो जाते हैं। यह आंकड़ा इस ओर इशारा करता है कि कितने लोग बिना किसी अपराध के लंबी कानूनी लड़ाई लड़ने को मजबूर होते हैं। झूठे बलात्कार मामलों के पीछे कई बार एक पूरा नेक्सस काम करता है। इसमें पीड़िता, उसके परिवारजन, कुछ वकील, दलाल और यहां तक कि पुलिसकर्मी तक शामिल होते हैं। मकसद साफ होता है कृ आरोपी से पैसे वसूलना, संपत्ति विवाद में दबाव बनाना, या व्यक्तिगत दुश्मनी निकालना। यह नेटवर्क शिकायतकर्ता को झूठे केस दर्ज कराने और आरोपी को फंसाने में मदद करता है। जबरन समझौते के लिए ब्लैकमेलिंग, मीडिया में छवि खराब करना और सार्वजनिक दबाव बनाना कृ यह सब इस खेल का हिस्सा बन जाता है। दिल्ली हाई कोर्ट ने अपने आदेशों में कहा है कि बलात्कार के मामलों में गिरफ्तारी से पहले प्रारंभिक जांच होना अनिवार्य होना चाहिए ताकि निर्दोष लोगों को तुरंत जेल भेजने से बचाया जा सके। अदालतों ने साफ निर्देश दिया कि बलात्कार के मामलों में थ्प्त् दर्ज होते ही आरोपी को गिरफ्तार कर लेना न्याय का मखौल है। बिहार के गया जिले की एक अदालत ने जून 2023 में एक झूठे बलात्कार केस में प्छ की धारा 211 (झूठा आरोप लगाने पर सजा) के तहत शिकायतकर्ता पर मुकदमा चलाने का आदेश दिया। इसी तरह मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने रीवा जिले के एक मामले में कहा कि मुकदमा पूरी तरह से दुर्भावना से प्रेरित था और इसका उद्देश्य केवल आरोपी को सामाजिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करना था। सबसे बड़ा नुकसान उन महिलाओं को होता है जो सच में यौन हिंसा की शिकार होती हैं। झूठे मामलों के कारण समाज में यह धारणा बनने लगती है कि हर शिकायत संदिग्ध है। इससे सच्ची पीड़िताओं को न्याय मिलने में बाधा आती है, उनकी बातों पर विश्वास कम होता है और वे समाज तथा कानून दोनों से निराश होकर चुप हो जाती हैं। कानूनी दृष्टि से देखें तो प्छ की धारा 211 में झूठा आरोप लगाने पर सजा का प्रावधान है, लेकिन इसे लागू करने में अक्सर कोताही बरती जाती है। अगर यह धारा कड़ाई से लागू की जाए तो झूठे मामलों पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट और विभिन्न हाई कोर्ट ने समय–समय पर यह सुझाव दिया है कि झूठे मामलों में दोषी पाए गए व्यक्तियों को कड़ी सजा दी जाए ताकि दूसरों के लिए यह एक चेतावनी बने। बलात्कार जैसे अपराध में आरोपी को दोषी साबित करना आसान नहीं होता। कई बार केवल पीड़िता के बयान के आधार पर ही मुकदमा चल जाता है। अगर बयान झूठा निकला, तो आरोपी के जीवन के बर्बाद होने की भरपाई कोई नहीं कर सकता। यहां तक कि अगर अदालत से बरी भी कर दिया जाए, तब भी समाज की नजरों में वह 'दोषी' ही बना रहता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा है कि आरोप लगते ही मीडिया में आरोपी का नाम उजागर कर देना गैर–जिम्मेदाराना रवैया है। जब तक अदालत कोई अंतिम फैसला न सुना दे, तब तक आरोपी को ष्दोषीष की तरह प्रस्तुत करना न्याय के खिलाफ है। मीडिया ट्रायल और सोशल मीडिया अभियानों ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। समाज का नजरिया भी इस स्थिति को और जटिल बना देता है। हम अक्सर 'आरोप लगते ही दोषी मान लो' की मानसिकता के शिकार हो जाते हैं। किसी व्यक्ति को दोषी साबित करने का काम अदालत का है, न कि समाज या मीडिया का। लेकिन कई बार आरोप लगते ही आरोपी की फोटो, नाम और निजी जानकारियां सार्वजनिक कर दी जाती हैं, जिससे उसका जीवन और परिवार दोनों तबाह हो जाते हैं। झूठे मामलों में आरोपी केवल न्यायिक प्रक्रिया का शिकार नहीं होता बल्कि सामाजिक बहिष्कार और मानसिक उत्पीड़न का भी सामना करता है। ऐसे कई मामले सामने आए हैं जहां युवक ने झूठे बलात्कार के आरोपों से तंग आकर आत्महत्या कर ली। यह स्थिति केवल व्यक्तिगत स्तर पर ही नहीं, बल्कि समाज और कानून दोनों के लिए बेहद शर्मनाक है। झूठे मामलों पर अंकुश लगाने के लिए केवल कानून कड़ा करना ही काफी नहीं है, बल्कि समाज को भी संवेदनशील बनाना होगा। हमें यह समझना होगा कि न्याय का सिद्धांत कहता है कृ ष्जब तक दोष सिद्ध न हो जाए, तब तक व्यक्ति निर्दोष है।ष अगर इस सिद्धांत का पालन न किया गया, तो निर्दोषों के जीवन से खिलवाड़ होता रहेगा और असली अपराधियों को सजा दिलाना और कठिन होता जाएगा। कई बार झूठे मामलों का इस्तेमाल राजनीतिक या कारोबारी दुश्मनी निकालने के लिए भी किया जाता है। जैसे किसी सरकारी अधिकारी को झूठे केस में फंसा कर ब्लैकमेल करना या किसी बिजनेस प्रतिद्वंद्वी को नीचा दिखाना। इस तरह के मामलों ने कानून का मजाक बना दिया है और असली पीड़िताओं के अधिकारों पर सीधा हमला किया है। आगे बढ़ने का रास्ता क्या हो सकता है? सबसे पहले, प्रारंभिक जांच को अनिवार्य बनाया जाए और बिना ठोस सबूत के गिरफ्तारी पर रोक लगे। दूसरा, प्छ की धारा 211 को सक्रिय रूप से लागू किया जाए ताकि झूठा आरोप लगाने वालों को तुरंत सजा दी जा सके। तीसरा, मीडिया पर नियंत्रण हो और किसी भी आरोपी की पहचान केवल तभी उजागर की जाए जब अदालत उसे दोषी ठहरा दे। चौथा, समाज में इस मुद्दे पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाए ताकि लोग समझ सकें कि आरोप लगाना आसान है, पर उसका असर जीवनभर रहता है। झूठे बलात्कार मामलों की प्रवृत्ति अगर इसी तरह बढ़ती रही, तो यह न केवल निर्दोष लोगों को बर्बाद करेगा बल्कि असली पीड़िताओं का भी भरोसा खत्म कर देगा। महिलाएं जो सच में अत्याचार की शिकार होती हैं, उन्हें न्याय दिलाना पहले ही एक कठिन और लंबी प्रक्रिया है। झूठे मामलों ने इस प्रक्रिया को और कठिन बना दिया है। जरूरत इस बात की है कि कानून, अदालत और समाज तीनों मिलकर एक संतुलन बनाएं। कानून की शक्ति का सम्मान तभी रहेगा जब उसका सही तरीके से इस्तेमाल होगा। अगर कानून का दुरुपयोग होता रहा, तो इसका सबसे बड़ा नुकसान उन लोगों को होगा जो न्याय की सबसे ज्यादा जरूरत रखते हैं। आखिरकार, न्याय केवल शिकायतकर्ता का अधिकार नहीं है, आरोपी का भी उतना ही अधिकार है। हमें ऐसा समाज बनाना होगा जिसमें न तो असली अपराधी बच पाए और न ही निर्दोष व्यक्ति किसी झूठे आरोप की बलि चढ़े। तभी हम सच्चे अर्थों में एक न्यायपूर्ण और सुरक्षित भारत का सपना साकार कर पाएंगे।



# कुत्ते के काटने से फैलता है रेबीज, जानें लक्षण

## कुत्ते के काटने पर दिखें 10 लक्षण, रेबीज होने का संकेत




उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले से एक बेहद दर्दनाक और चौंकाने वाली खबर सामने आई है। 22 वर्षीय कबड्डी खिलाड़ी बृजेश सोलंकी, जो राज्य स्तर पर गोल्ड मेडलिस्ट रह चुके थे और प्रो कबड्डी लीग की तैयारी कर रहे थे, उनकी मौत रेबीज जैसी जानलेवा बीमारी से हो गई। यह बीमारी उन्हें एक पिल्ले के काटने से हुई थी।

कैसे हुआ हादसा?

मार्च 2025 में बृजेश के गांव फराना में एक दिन एक कुत्ते का छोटा बच्चा (पिल्ला) गांव की नाली में गिर गया था। इंसानियत दिखाते हुए बृजेश ने उसे बाहर निकालने की कोशिश की। इस दौरान पिल्ले ने उनके दाहिने हाथ की उंगली में काट लिया। चोट हल्की थी, इसलिए बृजेश ने इसे मामूली समझकर नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने एंटी–रेबीज वैक्सीन नहीं लगवाया, जो कि एक जानलेवा भूल साबित हुई।

दो महीने बाद बिगड़ी तबीयत

लगभग दो महीने बाद, जून 2025 में बृजेश को अपने दाहिने हाथ में सुन्नपन महसूस होने लगा। फिर धीरे–धीरे उनके पूरे शरीर में ठंडक, जलकांटा (पानी से डर) और अजीब से झटके आने लगे। हालत गंभीर होती चली गई। परिजन उन्हें अलीगढ़, मथुरा और फिर दिल्ली के अस्पतालों में ले गए, जहां आखिरकार रेबीज की पुष्टि हुई। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। 27 जून को दिल्ली से गांव लौटते समय रास्ते में ही बृजेश ने दम तोड़ दिया। उनकी तड़पते हुए हालत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसने सबको झकझोर दिया।

रेबीज क्या है और कितना खतरनाक है?

रेबीज एक वायरल बीमारी है जो मुख्य रूप से संक्रमित जानवरों के काटने से फैलती है। इसका वायरस नर्वस सिस्टम को प्रभावित करता है और सीधे दिमाग तक पहुंचकर सूजन (इंसेफेलाइटिस) पैदा करता है। इसके कारण इंसान को लकवा, कोमा और अंत में मौत हो सकती है।ॅभ्‌ के मुताबिक, हर साल दुनियाभर में 26,000 से 59,000 लोग रेबीज से मरते हैं, जिनमें ज्यादातर मामले एशिया और अफ्रीका से होते हैं।

कितनी तेजी से फैलता है रेबीज?

काटने के स्थान, गहराई और वायरस की मात्रा पर रेबीज का असर निर्भर करता है। आमतौर पर वायरस को दिमाग तक पहुंचने में 1 से 3 महीने लगते हैं।

कुछ मामलों में यह 1 हफ्ते से भी कम या 1 साल तक का समय भी ले सकता है। वायरस की रफ्तार लगभग 3 से 12 मिलीमीटर प्रतिदिन होती है।

बचाव ही सबसे बड़ा इलाज

रेबीज का कोई इलाज नहीं है, लेकिन अगर समय पर टीका लग जाए तो 100ः बचाव संभव है। अगर किसी भी जानवर, खासकर कुत्ते या बिल्ली के काटने, खरोंचने या चाटने से चोट लगे, तो तुरंत–

घाव को साबुन और पानी से धोएं,

पास के अस्पताल में जाकर एंटी रेबीज टीका लगवाएं,

और डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

एक टीका, जो बचा सकता था जान बृजेश की मौत ने सबको सोचने पर मजबूर कर दिया है कि थोड़ी सी जागरूकता और सतर्कता किसी की जान बचा सकती है। उनकी कहानी सिर्फ एक हादसा नहीं, बल्कि हर इंसान के लिए एक चेतावनी है कभी भी किसी जानवर के काटने को हल्के में न लें।



## कुत्ता काट ले तो घबराएं नहीं, तुरंत करें 5 काम









वेट वाइप्स का इस्तेमाल करते समय कुछ खास बातों का ध्यान रखना चाहिए। क्योंकि इसके इस्तेमाल करते समय अगर आप गलतियां करती हैं, तो स्किन एलर्जी, मुंहासे और जलन समेत कई परेशानियां हो सकती हैं। फेस पर जमी धूल–मिट्टी, पसीना और मेकअप को हटाने के लिए कई महिलाएं वेट वाइप्स का इस्तेमाल करती हैं। इसकी मदद से एक झटके में फेस पर जमी गंदगी साफ हो जाती है और चेहरा भी फ्रेश नजर आता है। वेट वाइप्स का इस्तेमाल करते समय कुछ खास बातों का ध्यान रखना चाहिए। क्योंकि इसके इस्तेमाल करते समय अगर आप गलतियां करती हैं, तो स्किन एलर्जी, मुंहासे और जलन समेत कई परेशानियां हो सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको वेट वाइप्स के इस्तेमाल के सही तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही यह भी बताएंगे कि इनका इस्तेमाल करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। न रगड़ें फेस कई महिलाएं वेट वाइप्स का इस्तेमाल करने के दौरान फेस को साफ करने और मेकअप को हटाने के लिए रगड़ती हैं। ऐसा करने से स्किन को नुकसान हो सकता है और जलन की समस्या हो सकती है। इसका इस्तेमाल हमेशा हल्के हाथों से करना चाहिए। चेहरे को करें वॉश वेट वाइप्स का इस्तेमाल करने के बाद फेस को अच्छे से क्लीन करना जरूरी है।